डाक पंजीयन क्रमांक मंदसौर 407/2025-27
पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

ISO 9001:2015 CERTIFIED

"जीवन एक दर्पण की तरह है, यह आपको वही लौटाता है जो आप इसमें देखते हैं।"

साप्ताहिक

# नीमच हेडलाइन्स

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...
NEEMUCH HEADLINES
ख़बर वही, जो हम दिखाते है..

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा
प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा
साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 23 | नीमच, बुधवार 26 नवम्बर से 2 दिसम्बर 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5 रू

# पत्रकार को षडयंत्रपूर्वक झूठे मामले में फंसाने के मामले में आरोपी विष्णु मीणा सहित महिला आरोपी गिरफ्तार न्यायालय ने भेजा जेल

## आरोपी विष्णु मीणा का है लंबा पुलिस रिकार्ड

**नीमच**। जिले में एक पत्रकार को झूठे और षड्यंत्रपूर्वक मामले में फंसाने का मामला उजागर हुआ। जिसमे मास्टर माइंड विष्णु मीणा ओर एक महिला पुलिस गिरफ्त में आये। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही के आदेश दिए ऐसे में आरोपी विष्णु मीणा ओर उसकी महिला सहयोगी पुष्पा चौरसिया को केंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दोनों आरोपियों पर बी एन एस की धारा 296 बी, 351 (3), 308 (2), 3 (5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इनके पश्चात आरोपियों के मेडिकल करवाकर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जहा दोनों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर माननीय न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा। वही इस पूरे मामले में 2 अन्य आरोपियों की भी पुलिस तलाश कर रही है। पत्रकार साथी पर इस प्रकार दुर्व्यवहार करने से आक्रोशित पत्रकार बुधवार की दोपहर एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचे जहा पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल से भेंट कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हेतु ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया गया कि 25 नवंबर की रात कुछ व्यक्तियों ने पत्रकार महेश जैन के ग्वालटोली स्थित ऑफिस में घुसकर पत्रकार को अवैध वसूली के इरादे से साजिश रचकर झूठे प्रकरण में फंसाने का प्रयास किया और मारपीट और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया। पत्रकारों ने इस घटनाक्रम पर गंभीर आपत्ति जताई है। पत्रकारों ने कहा कि यह घटना मीडिया की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है और जिले में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने अभिव्यक्ति की आज़ादी और निष्पक्ष पत्रकारिता को कमजोर करने वाली ऐसी हरकतों की निंदा की नीमच जिले के पत्रकारों ने मांग की कि पत्रकार को षडयंत्र पुर्वक फंसाने को लेकर मुख्य आरोपी विष्णु मीणा ने अपनी महिला साथियों के जरिए घटना को अंजाम दिया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विष्णु मीणा के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। ऐसे में ऐसे आरोपी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मुकेश सहारिया विष्णु परिहार, हरीश अहीर, राकेश मालवीय, संजय यादव, अविनाश जाजपुरा, पवन शर्मा, मनीष बागड़ी, अब्दुल अली इरानी, प्रितेश सारडा, महैश जैन, चेनसिह सौलंकी, एसएस कच्छावा, बबलु किलोरिया, महेंद्र उपाध्यक्ष, गोपाल मेहरा, अफजल कुरेशी, आशीष बंग, पवन राव शिंदे, आलम तौकीर, अजय चंद्रवंशी, मुकेश शर्मा, प्रथम सिंह, इमरान खान, रामेश्वर नागदा, विनोद गुर्जर, मोइन शेख, धीरज नायक, देव खताबिया, भावेश मारु, सुरेन्द्र सिंह, हेमंत मेहरा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। ज्ञापन का वाचन पत्रकार मुकेश सहरिया द्वारा किया गया।

आपराधिक रिकार्ड :-

नाम आरोपी – विष्णु पिता बंशीलाल मीणा, उम्र 42 साल, निवासी गोमास्ता कॉलोनी बघाना

| क्र | थाना | अपराध क्रमांक | धारा |
|---|---|---|---|
| 01. | बघाना | 175/18 | 294,323,342,506 भादवि |
| 02. | बघाना | 49/24 | 308(2),338(ग),241बीएनएस |
| 03. | बघाना | 359/25 | 296(बी)351(3),308(2)3(5) बीएनएस |
| 04. | नीमच केन्ट | 349/24 | 308(2),338(ग),384,41बीएनएस |
| 05. | नीमच सिटी | 09/25 | 308(2) बीएनएस |
| 06 | नीमच केन्ट | 555/25 | 296(बी)351(3),333,119(1),61(1)3(5) बीएनएस |

नाम आरोपी – पुष्पा चौरसिाया पिता ओमप्रकाश चौरसीया उम्र 29 वर्ष होली चौक बघाना

| क्र | थाना | अपराध क्रमांक | धारा |
|---|---|---|---|
| 01. | बघाना | 362/24 | 296,351 (2) |
| 02. | बघाना | 98/25 | 296,351(2),3(5) बीएनएस |
| 03. | बघाना | 359/25 | 296(बी)351(3),308(2)3(5) बीएनएस |
| 04. | थाना जीआरपी नीमच | 06/2018 | 363,366, भादवि |
| 05 | नीमच केन्ट | 555/25 | 296(बी)351(3),333,119(1),61(1)3(5) बीएनएस |





आरोपी विष्णु मीणा

## न्यूज़ गैलेरी

### जिले में अपना कार्य पूर्ण कर चुके बी.एल.ओ. अन्य बी.एल.ओ. को एस.आई.आर. कार्य में सहयोग करें-चंद्रा

### कलेक्टर ने शतप्रतिशत इम्यूरेशन फार्म डिजिटाईज्ड कर चुके 50 बी.एल.ओ. का सम्मान



**नीमच**। जिले में बी.एल.ओ. ने एस.आई.आर. में बहुत अच्छा कार्य किया है, परिणाम स्वरूप जिले में अब तक 85 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के ईम्युरेशन फार्म डिजिटाईज्ड किए जा चुके है। यह बी.एल.ओ.की मेहनत, परिश्रम का ही परिणाम है। जिन बी.एल.ओ. ने अपना कार्य पूर्ण कर लिया है, वे अन्य साथी बी.एल.ओ.को भी सहयोग करें। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने एस.आई.आर.के तहत जिले में शतप्रतिशत ईम्युरेशन फार्म डिजिटाईज्ड कर चुके 50 बी.एल.ओ.को प्रशस्ति पत्र प्रदान सम्मानित करते हुए कही। कलेक्टोरेट में आयोजित सम्मान समारोह में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू व बी.एल.ओ. उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा, कि एस.आई.आर.के कार्य में महिला बी.एल.ओ.ने भी अच्छा कार्य किया है। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बी.एल.ओ.को बधाई भी दी। इस समारोह में विधानसभा क्षैत्र नीमच के कुल 14 बीएलओ, मनासा के 17 बीएलओ एवं जावद के 19 बीएलओ को सम्मानित किया गया है। इनमें कुल 20 महिला बीएलओ भी शामिल है। महिला बीएलओ में नीमच की 6, जावद की 9 एवं मनासा की 5 बीएलओ शामिल रही है।

**नीमच हेडलाइंस खबर का असर**

# पिपलिया मंडी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# लॉटरी के नाम से थार - स्कार्पियो और 11 लाख का प्रलोभन देने वाला फरार आरोपी सतीश पाटीदार गिरफ़्तार

नीखिल सोनी

**मंदसौर**। प्रदेश में लॉटरी अधिनियम 1998 धारा 7(1) व भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 297 प्रतिबंधित है। बावजूद अंचल में लकी ड्रॉ के नाम पर एजेंटों की टीम बनाकर व क्यूआर कोड स्कैन कर रुपए लेने का मामला सामने आया था । ये सब कुछ लोगो को प्रलोभन देकर लॉटरी सिस्टम के तहत किया जाना था । लोगों से बड़ी संख्या में राशि इकट्ठी की गई थी और उन्हीं रुपयों से वाहन खरीदी व अन्य काम किए गए थे। लोगो को प्रलोभन देने के लिए वाहनों को कतार में खड़े कर वीडियो तक वायरल किए गए। पुलिस ने निखिल सोनी की शिकायत पर आरोपी सतीश पाटीदार के खिलाफ केस दर्ज किया था। ऐसे में उक्त मामले को नीमच हेडलाइंस समाचार पत्र ने प्रमुखता से छापा था।

कंपनी संचालक ओर उनके साथी हर व्यक्ति से प्रति कूपन 299-299 रुपए लिए जा रहे थे और थार - स्कार्पियो समेत अन्य वाहन से लेकर 11 लाख रुपए नगद देने का प्रलोभन दिया जा रहा था। पुलिस ने मामले में प्रभावित लोगों की संख्या, कुल राशि व खाता नंबरों को लेकर जांच शुरू की थी । जानकारी अनुसार सतीश पाटीदार द्वारा 'इपरा इंडिया' नामक कंपनी बनाकर व एजेंटों के जरिए राशि वसूलने के मामला सामने आया था । पिपलियामंडी थाने में निखिल पिता रमेशचंद्र सोनी ने शिकायत दर्ज करवाई थी । इस पर पुलिस ने आरोपी सतीश पाटीदार के खिलाफ केस दर्ज किया था । इसमें एजेंटों की टीम बनाकर गैरकानूनी ढंग से राशि का आदान प्रदान होना सामने आया । लोगो की धार्मिक भावनाओं का उपयोग करते हुए भजन संध्या भी आयोजित करने के लिए बेनर पोस्टर छपवाए गए थे जो बाद में विवाद के कारण स्थगित करना पड़ा । इस तरह वाहनों की कतार बताकर ग्रुपों में वीडियो वायरल किये गए थे । उपहार योजना के नाम पर 299 रुपए में टोकन कटवाकर किस्मत आजमाने जैसे प्रलोभन दिए गए थे थे। इसमें 4 तरह के ऑफर भी थे। जैसे 1 टोकन 299 रुपए में, 2 टोकन 500 रुपए में, 3 टोकन 700 रुपए में, 7 टोकन 1 हजार रुपए में देना तय हुआ था। जिसमे लोगों का समूह व वाहनों की कतार वीडियो भी सामने आए थे । आरोपी पाटीदार पर लॉटरी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी । लोगों से एकत्र राशि, खाता नंबरों समेत अन्य पहलुओं पर सघनता से जांच की गई । बता दे कि प्रदेश में लॉटरी पूर्णतः प्रतिबंधित है भारतीय न्याय संहिता की धारा 297 लॉटरी कार्यालय रखने के अपराध से संबंधित है। अगर कोई व्यक्ति राज्य सरकार की अनुमति के बिना लॉटरी का कार्यालय चलाता है तो वह भारतीय न्याय संहिता की धारा 297 के तहत अपराध है। मामले में गिरफ़्तार आरोपी सतीश पाटीदार ने प्रचार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इसमें राशि का टिकट, सामान जीतने जैसे लुभावने ऑफर दिए गए थे । जो अपराध की श्रेणी में आता है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया है। अन्य साथियों की भी जांच जारी है। जनहित में एक बार भी नीमच हेडलाइंस ने मामले को गंभीरता से प्रकाशित किया था ऐसे में नीमच हेडलाइंस के सजग रिपोर्टर निखिल सोनी में ईमानदारी की पत्रकारिता का परिचय देते हुए आखिर आरोपियों को सही जगह पहुचा ही दिया।









## नीमच में ट्रक ने बस को मारी जोरदार टक्कर; कंडक्टर सहित 6 यात्री घायल



**कुकड़ेश्वर** थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक गंभीर सड़क हादसा उस समय हो गया, जब कुंडालिया गांव के पास तेज रफ्तार से आ रहा एक बेकाबू ट्रक यात्री बस से जा टकराया। हादसा करीब 3:30 बजे हुआ, जब आजाद बस (एमपी 44 पी 0055) नीमच से खड़ावदा की ओर जा रही थी। बस सामान्य दिशा में चल रही थी, लेकिन जैसे ही वह कुंडालिया के पास पहुंची, सामने से आ रहे ट्रक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और सीधे बस के साइड हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा होते ही बस के अंदर चीख-पुकार गूंज उठी। यात्रियों में दहशत फैल गई और कई लोग सीटों के बीच फंस गए। स्थानीय लोग घटना स्थल पर सबसे पहले पहुंचे और घायलों को बस से बाहर निकालने में जुट गए। अनेक यात्रियों को कांच के टुकड़े लगने से गहरी चोटें आईं, जबकि बस कंडक्टर को सिर और पैरों में गंभीर चोटें लगीं। कुल छह लोग इस दुर्घटना में घायल हुए, जिन्हें ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, घायलों में दो की हालत थोड़ी गंभीर है, जबकि बाकी की स्थिति नियंत्रण में बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही कुकड़ेश्वर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि ट्रक चालक तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह टक्कर हुई। पुलिस ने मौके से ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। सड़क पर बिखरी बस के टूटे हिस्सों और कांच के चिथड़ों को देखकर हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता था।

# लापरवाह डंपर चालक ने ली युवक की जान

## डायल 100 की तरह मौके पर पहुंचे राजकुमार अहीर ने दिलाया गरीब परिवार को न्याय

**जावद**। जावद विधानसभा के दडोली ग्राम में उसे समय हड़कंप मच गया, जब एक डम्पर चालक ने लापरवाही पूर्वक डंपर चलाते हुए एक युवक को कुचल दिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि देखने वालों के रोंगटे खड़े हो गए और युवक ने वही मौके पर दम तोड़ दिया। ऐसे में सिंगोली नीमच रोड बनाने वाले सावरिया कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार ने भी इस घटना पर कुछ खास ध्यान नहीं दिया तो परेशान परिजन और स्थानिय ग्रामीणों ने किसान नेता राजकुमार अहीर को फोन लगाया और हमेशा की तरह राजकुमार अहीर डायल हंड्रेड की तरह मौके पर पहुंचे। इस दौरान गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया और लगभग तीन से चार घंटे तक सिंगोली नीमच का मुख्य मार्ग बाधित रहा। सूचना मिलने पर जावद एसडीएम प्रीति संघवी, एसडीओपी रोहित राठौर, रतनगढ़ थाना प्रभारी मनोज जादोन ओर डीकेन चोकी गोपाल तानन सहित भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। ऐसे में किसान नेता राजकुमार अहीर ने परिजनों को सांत्वना देते हुए ठेकेदार और प्रशासन से बात कर मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की बात कही और स्पष्ट रूप से बोला कि लापरवाही



आप लोगों की तरफ से है परिजनों को मुआवजा तो आपको हर हाल में देना होगा। इसमें रोड ठेकेदार द्वारा मृतक के परिजन को तत्काल 6 लाख रुपए की आर्थिक सहायता के साथ परिवार के एक व्यक्ति को काम देने की बात स्वीकार की। साथ ही एसडीएम में संबल योजना के अंतर्गत सहायता देने की बात कही। वही सावरिया कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार द्वारा बीमा क्लेम की राशि दिलवाने के भरोसा दिलवाया। ऐसे में शासन प्रशासन की ओर से भी काफी समजाईश दी गयी। और हमेशा की तरह इस बार भी किसान नेता राजकुमार अहीर ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार की सहायता की और ग्रामीण सहित परिजनों को चक्काजाम खोलने के लिए तैयार किया।

## जावद के मेढ़की घाट में बड़ा हादसा टला: बाइक सवार को बचाते समय कार खाई में गिरी, सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकले

**जावद**। नीमच जिले के जावद थाना क्षेत्र स्थित मेढ़की घाट में रविवार शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक कार अचानक संतुलन खो बैठी और सड़क किनारे स्थित गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना उस समय हुई, जब कार चालक सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने की कोशिश कर रहा था। गनीमत रही कि हादसा भले ही बेहद खतरनाक था, लेकिन कार में बैठे सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए और किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरजे 27 सीई 5200 नंबर की कार मेढ़की घाट के घुमावदार मार्ग से गुजर रही थी। ठीक उसी समय सामने से एक बाइक सवार तेजी से घाट की चढ़ाई चढ़ता हुआ आ रहा था। बाइक सवार को टक्कर से बचाने के लिए कार चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। अचानक हुए ब्रेक से वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार सड़क से फिसलकर सीधे खाई की ओर लुढ़क गई। घाट की ढलान पर मौजूद ढीली मिट्टी और कंकड़-पत्थरों के कारण कार रुकने के बजाय और नीचे खिसक गई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा अचानक हुआ, लेकिन कार में मौजूद लोग तत्काल बाहर निकलने में सफल रहे। घटना के बाद आसपास मौजूद



ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और यात्रियों को सुरक्षित बाहर आने में मदद की। लोगों ने बताया कि यदि कार कुछ मीटर और आगे लुढ़क जाती, तो स्थिति बेहद गंभीर हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही जावद थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने वाहन को घाट से बाहर निकालने की व्यवस्था करवाई और पूरे मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेढ़की घाट का यह हिस्सा काफी संकरा है और यहां आए दिन वाहन चालकों को मोड़ों पर सावधानी बरतनी पड़ती है।

## लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही बैंक ऑफ इंडिया मनासा का कर्मचारी 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मनासा**। महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर उज्जैन लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही। बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा मनासा तहसील मनासा का सब स्टाफ रिश्वत लेते ट्रैप। दिनाँक 21/11/25 को आवेदक आंचल नागदा पिता लोकेश नागदा जी निवासी निवासी म.न.273 वार्ड नंबर 19 रामनगर कॉलोनी मनासा जिला नीमच ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन आनंद यादव को शिकायत की थी कि लोन निकालने के एवज मै बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा मनासा का सब स्टाफ रुपेश कौशल द्वारा 15000 रूपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत का सत्यापन लोकायुक्त निरीक्षक हिना डाबर के माध्यम से



कराया गया। सत्यापन में शिकायत सत्य पाई जाने पर दिनांक 24-11-2025 को बैंक ऑफ़ इंडिया का सब स्टाफ रुपेश कौशल को आवेदक से 15000 रुपये की रिश्वत लेते हुए बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा मनासा मे ट्रैप किया गया है, कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक राजेश पाठक, निरीक्षक हिना डाबर, श्याम शर्मा अनिल ऑटोलीय हितेश लालावत उमेश जाटवा इसरार सहित 12 सदस्यीय टीम का योगदान रहा।

## राष्ट्रीय पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अंतर्गत मामटखेड़ा में हुआ जन जागरूकता शिविर

**मंदसौर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक जिले में आयोजित किया जा रहा है, पखवाड़े के तहत सीतामऊ क्षेत्र के ग्राम मामटखेड़ा में एक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। डॉ. चौहान ने बताया कि इस पखवाड़े का उद्देश्य परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाना तथा पुरुष नसबंदी प्रक्रिया की सुरक्षा, सरलता और लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। शिविर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता जगदीश खींची ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य प्रत्येक गांव और शहर में लोगों को स्वस्थ रखना है।

## शेष सभी जल स्त्रोतो, स्टाप डेमो पर पानी के बहाव को रोकने का कार्य तत्काल करवाएं-चंद्रा

## कलेक्टर ने जल संसाधन व ग्रामीण विकास यांत्रिकी विभाग को दिए निर्देश

**नीमच**। जिले में पंचायतों के माध्यम से 280 जल संरचनाओं पर बोरी बंधान का कार्य किया गया है।जल संसाधन एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग शेष रहे सभी स्टाप डेमो पर बहते पानी को रोकने के लिए संरचनाए बनाकर एक सप्ताह में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विभागीय समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने जल संसाधन कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए, कि वे चम्बलेश्वर का भ्रमण कर, क्षतिग्रस्त नहरो की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करवाएं। साथ ही सभी विभागीय नहरों को भी ठीक करवाएं। बैठक में कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक को निर्देश दिए, कि सभी छात्रावासों की मरम्मत के लिए स्वीकृत राशि का सदपयोग हो और मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण हो।

### शनिवार को नीमच में लगेगा जैविक उत्पादों का हाट बाजार

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रा ने जिले में जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने और जैविक उत्पादकों को विपणन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक शनिवार को नीमच शहर में जैविक हाट बाजार लगवाने के निर्देश भी दिए। उपसंचालक कृषि व उद्यानिकी को निर्देश दिए, कि जैविक बाजार में अधिकाधिक जैविक उत्पादकों, किसानों को प्रेरित कर अपने उत्पादों की स्टाल लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को घरेलु गैस सिलेण्डरों का व्यवसाईक उपयोग करने वाले दुकानों, संस्थाओं की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।



### एक दिसम्बर को प्रदेश में होगा गीता जयंती का भव्य आयोजन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रम कानून के संबंध में लिए गए फैसले के लिए मंत्रि-परिषद की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग व्यापार के लिए यह अद्भुत कला है, श्रम से संबंधित 44 कानून की बजाय केवल 4 कानून की व्यवस्था से उद्योग व्यापार जगत को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। यह कानून पूरे देश में एक साथ लागू होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो में 8 और 9 दिसंबर को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों, नवाचारों, आगामी वर्षों के प्रमुख लक्ष्यों, चुनौतियों और कार्य योजनाओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 9 दिसंबर को मंत्री परिषद की बैठक खजुराहो में होगी। यह गतिविधि केन बेतवा लिंक परियोजना और बुंदेलखंड के विकास को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में जन्मी मादा चीता "मुखी" द्वारा 5 शावकों को जन्म देना बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा और प्रदेश में औद्योगिक तथा निवेश गतिविधियों के विस्तार के लिए हैदराबाद में हुए रोड-शो की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने एक दिसंबर से आरंभ होने वाले गीता जयंती समारोह के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विगत वर्ष की भांति एक दिसम्बर को गीता जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कुरुक्षेत्र में 24 नवम्बर से एक दिसम्बर की अवधि में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में मध्यप्रदेश द्वारा भाग लिया जा रहा है। इसमें जय श्रीकृष्णा नृत्य नाट्य, श्री कृष्ण लीला, कृष्णायन, जनजातीय एवं लोकनृत्य, चित्र प्रदर्शनी इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम होंगें। प्रदेश के 313 विकासखण्डों, 55 जिला मुख्यालय एवं 10 संभागों में श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख गीता प्रेमी श्रीमद् भागवत गीता के 15 वें अध्याय के श्लोक का सस्वर पाठ करेंगे।

# मोरवन की टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज, निर्माण से पूर्व जलवायु और पर्यावरण पर प्रतिकूल होने वाली आशंकाओं का निदान होना जरूरी- जिनेंद्र सुराणा

**नीमच।** मोरवन में निर्माणाधीन टेक्सटाइल इंडस्ट्री के निर्माण के संबंध में जल, जमीन जलवायु और पर्यावरण के प्रतिकूल होने की आशंका है। इस कारण निर्माण से पूर्व आशंकाओ का निदान होना जरूरी है इस संबंध में वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता जिनेंद्र सुराणा ने अपनी सोशल मीडिया की एक पोस्ट से अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाकर यह सुझाव दिया है कि की निवेश और निर्माण से पहले आशंका का निदान होना जरूरी है क्योंकि कोई भी निवेश हमारे जलवायु और पर्यावरण से अधिक बड़ा नहीं हो सकता है।वरिष्ठ पत्रकार जिनेंद्र सुराणा ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि सस्ते कपड़े उत्पादन की प्रक्रिया से भले ही ग्राहक, रिटेलर और फैक्ट्री मालिक को लाभ होता हो पर उसका गंभीर पर्यावरणीय प्रभाव इंसानों और उस आबादी को भुगतना पड़ता है जहां यह उद्योग स्थित होते हैं। कपड़ा उत्पादन की कई तकनीक है पर जो परंपरागत तकनीक है और उसके लिए भारी मात्रा में पानी की जरूरत पड़ती है । कुछ रिपोर्टों / अध्ययन पर गौर करें तो पाते हैं कि 1 किलो डेनिम कपड़ा उत्पादन की धुलाई और रंगाई के लिए 250 लीटर पानी की जरुरत होती है और 1 किलो सूती कपड़ा धोने और रंगने के लिए करीब 200 लीटर पानी की जरूरत पड़ती है । निश्चित है कि यदि 1 किलो कपड़ा रंगने, धोने और फिनिशिंग पर ही सैकड़ों लीटर पानी खर्च होता है तो हजारों टन कपड़ा उत्पादन के लिए कितने करोड़ /अरब लीटर पानी की जरूरत पड़ती होगी ? कपड़ों की रंगाई, धुलाई और फिनिशिंग के बाद निकलने वाला वेस्ट पदार्थ यदि या पार्शियली ट्रीटेड (आंशिक रूप से उपचारित) ही वातावरण में छोड़ दिया जाए या छूट जाए तो उसका भी पर्यावरण पर गंभीर असर होता है। चूंकि ऐसे वेस्ट में ज्यादा मात्रा क्लोराइड की ही होती है पर इसके अलावा इसमें सोडियम, क्रोमियम लेड इत्यादि घातक पदार्थ भी मिलते हैं । जिसका मानव स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव होता है। हालांकि टेक्सटाइल कंपनियां अक्सर यह दावा करती है कि वह पर्याप्त क्षमता के एफ्लुएंट सिस्टम (बहिःस्राव प्रणाली) और वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट (अपशिष्ट उपचार संयंत्र) स्थापित करेगी और जीरो लिक्विड डिसचार्ज (शून्य तरल निर्वहन) को सुनिश्चित करेगी पर यदि ऐसे ट्रीटमेंट प्लांट ने पूरी तरीके से काम नहीं किया या आंशिक तौर पर काम किया तो इससे निकलने वाला लिक्विड वेस्ट भूगर्भ, नालों, नदियों में जाएगा और वह हमारे जल, जंगल, जमीन और स्वास्थ्य को गंभीर रुप से प्रभावित करेगा ।



मोरवन क्षेत्र हरा-भरा है और प्रदूषण रहित भी है। जल से समृद्ध विशाल झील है जिससे नहरें जीवित रहती है इससे अच्छी खेती होती है और जावद की पेयजल आपूर्ति भी मोरवन डैम से ही होती है। प्रकृति का दिया सब कुछ है । अब हमारे हरे भरे क्षेत्र में एक कपड़ा उद्योग आना चाहता है और कहता है कि हमारी (टेक्सटाइल कंपनी) नजर आपके मोरवन डैम के पानी पर नहीं है हम तो यहां रोजगार देने आए हैं तो ऐसे में मन में सवाल तो उठेंगे ही कि आखिर करोड़ो अरबों लीटर पानी जमीन या जलाशयों से चूसने वाली कपड़ा फैक्ट्री हमारे क्षेत्र में ऐसी कृपा क्यों कर रही है ? और यदि इसकी कुदृष्टि हमारे मोरवन झील की विशाल जल राशि पर या यहां के अच्छे भूगर्भीय जल /अच्छे ग्राउंड वाटर लेवल पर नहीं है तो फिर यह पानी चूसू फैक्ट्री सिंगोली , रतनगढ़, नयागांव या कम जलराशि वाले क्षेत्र में भी तो स्थापित हो सकती ? वैसे भी हमारे लिए मोरवन का जल हमारी जीवन रेखा है और इस पर किसी को भी गिद्ध दृष्टि रखने की नहीं सोचना चाहिए न ही मोरवन के पानी पर लार टपकानी चाहिए । इन्हीं सब कारणों के चलते मोरवन क्षेत्र में स्थापित होने वाली टेक्सटाइल फैक्ट्री को लेकर कुछ सवाल हैं ।

१. यदि फैक्ट्री की नजर अच्छा भूगर्भीय जल और झील की जल राशि पर नहीं है तो यह फैक्ट्री कम पानी वाले क्षेत्र में स्थापित क्यों नहीं होती है ?

2. उत्पादन प्रक्रिया के लिए यह फैक्ट्री कौन सी कम पानी की तकनीक का इस्तेमाल करेगी ? उसमें कितना निवेश करेगी ?

3. कम पानी से कपड़े उत्पादन की प्रक्रिया बड़ी महंगी और खर्चीली मानी जाती है इससे कपड़े उत्पादन की लागत बहुत बढ़ जाएगी, ऐसे में सवाल उठता है कि देश में पहले से ही सस्ते कपड़े की मंडी के सामने महंगे कपड़े का खरीददार कौन होगा ?

4. 1 किलो कपड़े के उत्पादन धुलाई, रंगाई और फिनिशिंग पर कितना पानी खर्च होगा ? उस पानी का प्रबंध कहां से और कैसे करेगी ?

5. इस प्लांट की वार्षिक उत्पादन क्षमता क्या है ?

6. 1 साल की उत्पादन प्रक्रिया के लिए कुल कितने करोड़ /अरब लीटर जल खर्च होगा ? इतने पानी का प्रबंध कहां से और कैसे होगा ?

7. रेलवे (यानीकि भारत सरकार) 15 लीटर में जल (रेल नीर) बेच रही है ऐसे में क्या कंपनी अपने यहां उपयोग होने वाले पानी का दाम 5 प्रति लीटर मोरवन पंचायत को दे सकती है ?

8. कितनी क्षमता में लिक्विड वेस्ट निकलेगा और उसके ट्रीटमेंट के लिए कितनी क्षमता के ट्रीटमेंट प्लांट लगाएगी उस पर कितनी राशि खर्च की जाएगी ?

9. कई बार ऐसा देखा और सुना गया है टेक्सटाइल उद्योग से वातावरण में विचित्र किस्म की गंध निकलती है । जहां वेस्ट निस्तारण का सिस्टम फैल होने या निस्तारण का सही निदान नहीं होने पर जल स्रोत प्रदूषित होने लगते हैं कुएं का पानी हरा होने लगता है। मवेशी तक ऐसे पानी से मुंह मोड़ लेते । पर्याप्त खेती नहीं होती ? जमीनों के दाम गिर जाते हैं । इन सब पर कैसे काबू में रखेगी ?

10. कपड़ा उत्पादन में कई ऐसे रसायनों का उपयोग भी किया जाता है जोकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित और मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माने जाते हैं पर कई बार कंपनियां सस्ते कपड़े का उत्पादन करने के लिए इनका उपयोग करती है इनसे निकलने वाला लिक्विड वेस्ट यदि जल में या जमीन में समा जाए तो उस पानी में क्लोराइड, सोडियम अन्य तत्वों की बहुलता होने लगाती है इससे पेट की कई बीमारियां, त्वचा के रोग इत्यादि नहीं हो कंपनी इसकी रोकथाम के लिए क्या व्यवस्था करेगी ?

11. इस प्लांट स्थापना के लिए कौन सी शासकीय, श्रम, औद्योगिक, पर्यावरण, पंचायती एवं सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड स्वीकृति प्रक्रिया अपनाई गई है ।

12. उसकी पर्यावरणीय सुनवाई कब कहां हुई है ? उसमें कौन-कौन सी आपत्ति आई है और उनके निराकरण का क्या आश्वासन दिया गया है।

13. इस फैक्ट्री में कितने संख्या में स्थानीय लोगों को स्थाई और कंपनी रोल पर किस वेतन श्रृंखला का रोजगार मिलेगा ? यह किस फॉर्मूला से निकल गया है और इसका अनुमोदन किस शासकीय संस्था ने किया है ?

14. इस कंपनी में लगने वाली मैनपॉवर का कुल कितनी संख्या में रोजगार कंपनी रोल पर होगा और कुल कितने मैनपावर ठेका श्रेणी में रखी जाएगी ?

15. क्या कंपनी यहां पर स्कूल, अस्पताल की स्थापना करेगी ? क्या ऐसे अस्पताल में स्थानीय लोगों को निशुल्क इलाज(भर्ती ) की व्यवस्था और यहां के बच्चों को निशुल्क अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई की सुविधा मिलेगी ? क्या कंपनी ऐसे सामाजिक कार्य में निवेश करेगी ? उद्योग और उद्योगपति हमारे क्षेत्र में आए और निवेश करें भला यह किसे बुरा लगेगा पर यदि वह निवेश हमारे जल, जीवन, जलवायु, पर्यावरण और संसाधनों पर प्रतिकूल असर छोड़े या ऐसी कोई आशंका हो तो उसका निदान होना चाहिए । ऐसे किसी भी निवेश के पहले दो बार सोचना चाहिए जिससे हमारे जीवन और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल असर पड़ता हो । इस संबंध में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता महेश पाटीदार, एडवोकेट ने कहा कि कोई भी उद्योग हमारे जलवायु और पर्यावरण से अधिक महत्व नहीं रखता है । जनहित के व्यापक मुद्दे को देखते हुए जनता को ही स्वयं आगे जाकर आवाज बुलंद करना होगी ।आवश्यकता होने पर दस्तावेजों को प्राप्त कर इन आशंकाओं और प्रश्नों का निराकरण करने के लिए जनहित याचिका का सहारा लिया जाएगा।

# रामपुरा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत 05 माह से लापता एक गुमशुदा महिला को अपने परिवार से मिलाया।



रिपोर्ट- अजीमुल्ला खान

**रामपुरा।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिले में गुमशुदा व्यक्तियों को दस्तयाब करने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया व एसडीओपी श्रीमती शाबेरा अंसारी के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी रामपुरा विजय सागरिया व थाना रामपुरा टीम द्वारा एक गुमशुदा रवीना (बदला हुआ नाम )उम्र 19साल 05 माह को ग्राम गोला थाना पीसांगन जिला अजमेर राजस्थान से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया । अभियान के तहत थाने से विशेष टीमो का गठन किया गया। टीमों ने दीगर जिलों व दीगर राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित कर विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर जाकर सतत सर्च अभियान चलाया। तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग एवं मुखबीर सूचना का भी प्रभावी उपयोग कर परिवारों के चेहरो पर मुस्कान लौटाई । उक्त कार्यवाही निरी. विजय सागरिया ,हरिसिंह सिसोदिया, सउनि नसीम अहमद, आर. विजय बारीवाल,आर. रघुवीर सिंह व टीम पुलिस थाना रामपुरा व प्र.आर. प्रदीप शिंदे ,आर. लखनप्रताप सिंह , आर कुलदीप सायबर सेल नीमच का सराहनीय योगदान रहा है।

## बाइक से सिंगोली जाते समय 31 वर्षीय युवक दुर्घटना में गंभीर घायल

रिपोर्ट- परितोष भाटी

**सिंगोली।** कस्बे के समीप ग्राम कछाला के पास मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुई बाइक दुर्घटना में ग्राम परलाई निवासी लोकेश शर्मा (31) गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार लोकेश सुबह 10 बजे सिंगोली के लिए बाइक से निकले थे। लोकेश शर्मा एयू स्माल फाइनांस बैंक सींगोली में कार्य करते हैं। ग्राम कबरिया मार्ग होते हुए कछाला के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वे मुंह के बल गिर पड़े और गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से उन्हें सिंगोली अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. ईतेश व्यास ने सिर में आंतरिक चोट की आशंका के चलते उन्हें रेफर कर दिया।



# नाबालिगों पर सख्त नीमच पुलिस : बिना हेलमेट और नो-परमिट वाहन चालकों पर बड़ी कार्रवाई

**नीमच :** माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश और पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशों के पालन में नीमच पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान तेज गति से चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान नाबालिग वाहन चालकों और बिना हेलमेट चलाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही बिना परमिट संचालित होने वाली बसों पर भी थानों में चालानी कार्रवाई करते हुए सख्त कदम उठाए गए हैं। **अपील-** यातायात पुलिस ने आमजन से आग्रह किया है कि नाबालिग बच्चों को वाहन न सौंपें। नाबालिग द्वारा वाहन चलाते पाए जाने पर संबंधित अभिभावकों सहित कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार पाने वाले जिलों के कलेक्टर्स को वाटर शेड महोत्सव में दी बधाई

**नीमच।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा विगत 18 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरण समारोह में मध्यप्रदेश के तीन जिलों को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया था। इस विशिष्ट उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल में आयोजित वाटर शेड महोत्सव में जल संचय के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले जिला कलेक्टर्स एवं संबंधित अधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को मिला यह सम्मान सरकार के सतत प्रयासों, नवाचारों और जल संरक्षण की दिशा में समाज एवं प्रशासन के साझा संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों से अन्य जिले भी प्रेरित होंगे और जल संवर्धन, जल सुरक्षा तथा जन भागीदारी आधारित विकास का यह सफल मॉडल पूरे प्रदेश में और मजबूत होगा।

# जिले में 4 लाख 39 हजार से अधिक फॉर्म डिजिटाइज किए गए

## एस.आई.आर. अभियान में आई तेजी- नीमच जिले में 70.98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा, जावद विधानसभा शीर्ष पर



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के नेतृत्व में नीमच जिले ने विशेष गहन पुनरीक्षण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले ने कुल 70.98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर, इस अभियान को सफल बनाया है। मतदान प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में प्रभावी और पारदर्शी कदम उठाने के लिए, जिलेभर में 745 बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की निरंतर समीक्षा की जा रही हैं।पुनरीक्षण के दौरान गणना फॉर्म (ईएफ) वितरण से लेकर डिजिटाइजेशन तक, प्रत्येक स्तर पर संतोषजनक प्रदर्शन दर्ज कियागया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी.एस.कलेश ने बताया, कि सोमवार सुबह प्रातः 10 बजे तक की स्थिति में नीमच जिले में कुल 6 लाख 19 हजार 141 मतदाताओं में से 4 लाख 39 हजार 654 मतदाताओं के इम्युरेशन फार्म डिजिटाईज्ड किए जा चुके है, जो कि 70.98 प्रतिशत है। नीमच जिले की विधानसभा क्षेत्र मनासा में कुल 203128 मतदाताओं में से 145252 गणना फॉर्मो का डिजिटाइजेशन पूरा किया गया है, जो 71.51 प्रतिशत की सफलता दर्शाता है। जावद विधानसभा नेजिले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यहां 183826 मतदाताओं में से 136930 फॉर्मो काडिजिटाइजेशन किया गया है। यहाँ 74.49 प्रतिशत की सफलता के साथ जिले का सर्वोच्च प्रदर्शन रहा। नीमच विधानसभा में 232887 मतदाताओं में से 157468 फॉर्म डिजिटाइज कर, 67.73 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया गया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बीएलओ को बधाई देते हुए कहा, कि यह अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होने ने शेष बचे डिजिटाइजेशन कार्य को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि मतदाता सूची अद्यतन और शुद्धिकरण की प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो सके।

## स्वास्थ्य अमले के सभी रिक्त पदों की पूर्ति के लिए स्वास्थ्य आयुक्त को प्रस्ताव भेजे-चंद्रा

### जन्मजात विकृति वाले चिन्हित सभी बच्चों की सर्जरी करवाएं-कलेक्टर





**नीमच।** जिले के स्वास्थ विभाग में रिक्त ए.एन.एम., स्टाफ नर्स, चिकित्सकों व अन्य रिक्त पदों की पूर्ति के लिए म.प्र.शासन, स्वास्थ्य आयुक्त को प्रस्ताव तैयार कर भेजे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील सहित सभी शासकीय चिकित्सक, बी.एम.ओ.एवं सेक्टर मेडिकल आफीसर उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा, कि स्वस्थ समाज निर्माण के लिए जरूरी है, कि महिलाओं, बच्चों, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत टीकाकरण किया जाए। कोई भी टीकाकरण से वंचित ना रहे। यदि किसी सेक्टर, क्षेत्र की ए.एन. एम. व स्वास्थकर्मी अवकाश पर हो, तो उसके स्थान पर टीकाकरण का कार्य अन्य वैकल्पिक व्यवस्था कर, करवाया जाए। बैठक में कलेक्टर ने आर.बी.एस.के.की टीम द्वारा जन्मजात विकृति वाले बच्चों की स्क्रीनिंग एवं फालोअप की समीक्षा में निर्देश दिए, कि स्क्रीनिंग में सर्जरी योग्य पाए गये सभी बच्चों की सर्जरी अनिवार्य रूप से करवाई जाए। उन्होने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देश, दिए, कि वे आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्रामवार जन्मजात विकृति वाले बच्चों को चिन्हित कर, सूची बनाकर, फालोअप के लिए आर.बी. एस.के की टीम को उपलब्ध करवाए। कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु के आयुष्मान कार्ड से शेष सभी हितग्राहियों के कोई भी प्राथमिकता से बनवाने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए , कि वे बगैर बी.एम.ओ. की अनुशंसा के किसी भी स्वास्थ कर्मचारी का स्थानांतरण या युक्तियुक्तकरण ना करें। साथ ही स्थानांतरण पर प्रतिबंध अवधि में किसी भी स्वास्थ अधिकारी, कर्मचारी को बगैर कलेक्टर की लिखित अनुमति के अटैच या स्थानांतरित ना करें। बैठक में क्षय, उन्नमूलन, मलेरिया नियंत्रण अंधत्व निवारण, सम्पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम दस्तक अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## तहसीलदार ने नीमच शहर में एस.आई.आर.कार्य का निरीक्षण किया



**नीमच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 का कार्य जारी है। इस दौरान 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर, मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। बी.एल.ओ.के सहयोग के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं जनपद, नगरीय निकायों के स्थानीय स्तर के कर्मचारियों को भी लगाया गया है। बी.एल.ओ.द्वारा गणना फॉर्म के कलेक्शन और डिजिटलाइजेशन के कार्य का फील्ड पर जाकर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी,तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर प्रगति बढ़ाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गऐ है। तहसीलदार नीमच नगर श्री संजय मालवीय एवं डॉ.अजेन्द्र नाथ प्रजापति ने सोमवार को नीमच शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर, एस.आई.आर कार्य का निरीक्षण कर, बी.एल.ओ.द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रगति का जायजा लिया और सभी बी.एल.ओ.को बी.एल.ओ.एप पर एम्युरेशन फार्म के डिजिटलाईजेशन कार्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

## मेहनत व समर्पण से जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति संभवः उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**नीमच।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मेहनत व समर्पण से ही जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि जीवन में शार्टकट का कोई स्थान नहीं है। लक्ष्य को निर्धारित कर पूरे मनोभाव से कार्य करने पर ही सफलता मिलती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में 10 मीटर शूटिंग रेंज का शुभारंभ किया। उन्होंने पिस्टल एवं राइफल से शूटिंग लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स की स्थापना से खिलाड़ियों को एक ही स्थान पर विभिन्न खेल गतिविधियों में प्रैक्टिस की सहूलियत मिली है। बड़े शहर में खेल के लिए स्पोर्ट्स काम्पलेक्स अत्यंत आवश्यक है। रीवा का स्पोर्ट्स काम्पलेक्स भी इस कमी को पूरा कर रहा है। उन्होंने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग ले रहे खिलाड़ियों से आह्वान किया कि पूरे मनोयोग से अपने खेल में आगे बढ़ें और राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना व अपने शहर का नाम रोशन करें। उन्होंने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में अनवरत चल रही विभिन्न खेल गतिविधियों के आयोजन के लिए संभागीय खेल अधिकारी के समर्पण भाव की प्रशंसा भी की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले मिनी ब्राजील (विचारपुर) के होनहार फुटबॉल खिलाड़ी

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शहडोल के ग्राम विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों ने मंगलवार को मंत्रालय में भेंट की। खिलाड़ियों के साथ उनके जर्मन प्रशिक्षक डाइमर बायर्सडार्फर, मैनुअल शेफ़र और खेल संचालक श्री राकेश गुप्ता भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई और भावी स्पर्धाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों का स्वागत किया। शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर को मिनी ब्राजील की संज्ञा दी गई है। यह खिलाड़ी हाल ही में जर्मनी की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण यात्रा से लौटे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम में भी शहडोल जिले के खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेल विभाग को निर्देश दिए थे कि विचारपुर अर्थात मिनी ब्राजील के फुटबाल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए जर्मन यात्रा पर भेजा जाए। इसके लिए खेल विभाग और भारतीय दूतावास द्वारा आवश्यक वित्तीय और प्रशासन व्यवस्थाएं की गईं। खिलाड़ियों को फुटबॉल किट, स्पोर्ट्स शूज उपलब्ध करवाने के साथ ही



उनका फिटनेस मूल्यांकन और मेडिकल परीक्षण करवाकर विदेश यात्रा के पूर्व प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया गया।

### खिलाड़ियों ने बताए जर्मनी यात्रा के अनुभव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को शहडोल जिले के विचारपुर के फुटबॉल खिलाड़ियों ने 4 से 12 अक्टूबर तक जर्मनी में प्राप्त प्रशिक्षण के अनुभव शेयर किये। जर्मनी से 14 अक्टूबर को भोपाल पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत भी हुआ। इस सप्ताह जर्मन फुटबॉल कोच डाइमर बायर्सडार्फर और मैनुअल शेफ़र विचारपुर पहुंचे। दोनों कोच खिलाड़ियों के परिवार-जन से भी मिले। जर्मन प्रशिक्षकों द्वारा भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में फुटबॉल खिलाड़ियों से भी मुलाकात की।

# मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने वर्चुअल विडिओ सन्देश के माध्यम से, मारू परीवार को दी बधाई उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री, प्रहलाद पटेल द्वारा मनासा में माधवम हॉस्पिटल का किया भव्य शुभारम्भ

**मनासा**। मनासा नगर व क्षेत्र के मरीजों को बेहतर सुविधा देने व गंभीर बीमारियों के निदान हेतु बेहतरीन आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस मारू परिवार के माधवम हॉस्पिटल का भव्य शुभारम्भ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व प्रदेश के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद व किसान नेता बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक ओम प्रकाश सखलेचा, दिलीप सिंह परिहार, हरदीप सिंह डंक, चंदर सिंह सिसोदिया, मंदसौर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, नीमच जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल मंचासिन थे, नवीन हॉस्पिटल के उद्घाटन अवसर पर मुख्य मंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी वर्चुवल संदेश में मारू परिवार को अपनी बधाई देते हुवे नवीन हॉस्पिटल के शुभारंभ अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हॉस्पिटल के शुभारंभ पर बधाई देते हुवे कहा की में इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री के रूप में नहीं वरन मारू परिवार के एक सदस्य के रूप में आया हु, अपने उद्बोधन में उप मुख्य मंत्री देवड़ा ने कहा की चिकित्सा के क्षेत्र में मरीज परमात्मा के बाद डॉक्टर को ही याद करता हे। एक सफल डॉक्टर व उसके अधीन कार्यरत स्टाफ अपनी बोली और मधुर व्यवहार से मरीज का आधा कष्ट स्वतः ठीक कर देते हे। में डॉक्टर सर्वेश से भी यहीं चाहूंगा की वे भी अपने कार्य और व्यवहार के दम पर मरीजों का बेहतरीन उपचार करे ताकी इलाज के बाद मरीज आप के व्यवहार की तारीफ अन्य से करे यही आप की सफलता होगी। मनासा क्षेत्र को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं से लैस माधवम हॉस्पिटल के रूप में सौगात देने पर मारू परिवार को बधाई दी!

## बढ़ा मुश्किल हे आज के दौर में अपने मूल की तरफ वापस लौटना

वहीं प्रदेश के वरिष्ठ नेता व ग्रामीण विकास पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी अपने सार गर्भित उद्बोधन में कहा की जो मूल की तरफ लौटता हे वह भूल नहीं सकता हे, अगर व्यापारी होगा तो लौटेगा नहीं परोपकारी होगा तो जरूर लौटेगा। माधव मारू ने भी अपने बच्चे को अच्छे संस्कार दिए जो स्व. रामेश्वर जी मारू के सपनों को साकार करने के लिए अपने मूल की तरफ लौटा हे। प्रदेश के किसान नेता व राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भी अपने संक्षिप्त उद्बोधन में डॉक्टर सर्वेश मारू दंपति के निर्णय का स्वागत करते हुवे कहा की, महानगर से निकल कर मनासा नगर जैसे छोटे स्थान पर अपनी चिकित्सा सेवा देने का निर्णय सराहनीय कदम हे जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। गुर्जर ने आशा व्यक्त की दोनों डॉक्टर दंपति इस नवीन चिकित्सालय के माध्यम से सेवा कर हर व्यक्ति की पीड़ा को दूर करेंगे।\ स्वागत भाषण विधायक माधव मारू ने देते हुवे नवीन हॉस्पिटल में उपलब्ध नवीन चिकित्सा उपकरणों की जानकारी देते हुवे बताया की क्षेत्रवासियों को बेहतरीन सेवा देने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर डॉ.राधिका मारू ने चिकित्सालय की देन को अपने परिवार के पूर्वजो का आशीर्वाद मानते हुवे सुंदर कविता में ढाला। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय तिवारी ने किया, वहीं डॉ.सर्वेश मारू ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और नवीन हॉस्पिटल में उपलब्ध चिकित्सा संबंधी सुविधाओं को बतलाते हुवे कहा की हृदय रोग, डिजिटल एक्सरे, टी एम टी मशीन, 24 घंटे ओपिडी सुविधा सहित अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का मरीजों को लाभ मिलेगा, हमारा प्रयास यही रहेगा की मनासा एवं आस पास के लोगो को अब इंदौर आदि शहरों में नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपोलो हॉस्टपिटल जैसी सुविधाएँ यही मिल जाये, अभी 30 बेड का हॉस्पिटल बना हे आगामी समय में इसे 100 बेड तक का बनाने का प्रयास होगा! कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत मारु परीवार के प्रधुम्न मारू, विधायक अनिरुद्ध माधव मारू, राजेंद्र मारू, अभिषेक मारू, रूपेश मारू, ब्रजेश मारु सहित परिवार एवं रिश्तेदारों ने दुपट्टा पहना कर किया।







# रतनगढ़ पुलिस ने अल्टो कार से 26 किलो डोडाचूरा सहित 2 आरोपी किये गिरफ्तार

**रतनगढ़**। मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत अल्टो कार से 26 किलोअवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा सहित 02 आरोपीयों को पकडने में थाना रतनगढ़ पुलिस को मिली सफलता जानकारी अनुसार थाना रतनगढ़ की पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों एवं नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 26 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा व एक अल्टो कार क्रमांक एमपी 44 जेडडी 2388 सहित अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में 02 आरोपीयों को पकडने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 25.11.2025 को प्रातः पुलिस थाना रतनगढ द्वारा नीमच सिंगोली आम रोड स्तनगढ घाट के ऊपर चैकिंग / नाकाबन्दी के दौरान आरोपीयों के कब्जे वाली एक अल्टो कार क्रमांक एमपी 44 जेडडी 2388 से 02 काले रंग के प्लास्टिक के कट्टों में भरा हुआ कुल 26 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट के अज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए आरोपीगण (01) रामचन्द्र पिता लालूराम कुमावत उम्र 34 साल निवासी ग्राम देहपुर पुलिस थाना रतनगढ़ जिला नीमच (म.प्र.). (02) सुरेश पिता बरदीचन्द्र कुमावत उम्र 30 साल निवासी ग्राम देहपुर पुलिस थाना रतनगढ जिला नीमच (म.प्र.) के कब्जे से जप्त कर आरोपीयों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपीगणों के विरुद्ध थाना रतनगढ़ पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपीयों से जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा लाने ले जाने के स्त्रोतों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रतनगढ निरीक्षक मनोज सिंह जादौन एवं उप निरीक्षक शिशुपालसिंह गौर, थाना रतनगढ तथा उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।



# कांग्रेस एनएसयूआई प्रदेश प्रभारी ठाकुर रवि दांगी मंदसौर पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**मंदसौर**। कांग्रेस एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी ठाकुर रवि दांगी के मंदसौर आगमन पर कांग्रेसजनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान संगठन को सुदृढ़ करने और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दांगी ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य 2028 में मध्यप्रदेश को नई दिशा देना है और जीतू पटवारी को मुख्यमंत्री बनाना कांग्रेस का प्रमुख संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना आवश्यक है। इसी दौरान दांगी ने मंदसौर के किसानों द्वारा निकाली गई प्याज की शवयात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि आज पूरे देश की नजर मंदसौर के किसानों पर है, जहाँ किसान अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवाज बुलंद कर रहे हैं। अपने प्रवास के दौरान ठाकुर रवि दांगी ने भगवान श्री पशुपतिनाथ जी के पावन दर्शन भी किए। उन्होंने प्रभु से सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।



## नीमच में 8 साल से फरार सरपंच और उसका भाई गिरफ्तार

### NDPS और रंगदारी के मामलों में लंबे समय से थी तलाश; एथेनॉल फैक्ट्री में तोड़फोड़ कर मांगा था हफ्ता

**नीमच**। जिले की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जहां आठ साल से फरार चल रहे दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। बघाना क्षेत्र के खेरमालिया निवासी और बामनवड़ी गांव के सरपंच विक्रम सिंह सोंधिया राजपूत तथा उसके भाई बंटी उर्फ रविंद्र सिंह सोंधिया राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार शाम न्यायालय में पेश किया। दोनों की गिरफ्तारी लंबे समय से लंबित मामलों में पुलिस के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दोनों भाइयों के खिलाफ वर्ष 2016 में जावद थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 342/2016 दर्ज किया गया था, जिसमें उन पर धारा 8/15 और 29 के तहत मुकदमा चल रहा था। इस मामले में वे लगातार फरार चल रहे थे और एनडीपीएस न्यायालय जावद की एसटी 27/2017 में उन्हें स्थायी वारंटी घोषित किया गया था। आठ वर्षों से गिरफ्तारी से बचते हुए ये दोनों अपने क्षेत्रों में खुलेआम देखे जाते थे, जिससे पुलिस के प्रति इनकी चुनौतीपूर्ण रवैया साफ नजर आता था। विक्रम सिंह, जो वर्तमान में बामनवड़ी गांव का सरपंच है, फरारी के दौरान भी कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा। उसके खिलाफ बघाना थाने में एक अन्य मामले में रंगदारी सहित कई धाराओं में प्रकरण दर्ज है। इन मामलों के चलते वह पुलिस की नजरों में लंबे समय से वांछित था। फरारी के दौरान ही विक्रम सिंह ने अपनी जेसीबी मशीन लगाने के एक विवाद में ओसवाल एथेनॉल फैक्ट्री में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उसने फैक्ट्री के कार्यालय के कांच तोड़े, कैंटीन में हफ्ता मांगा और फ्रिज समेत कई सामानों को नुकसान पहुंचाया। फैक्ट्री संचालक अनिल नाहटा ने इस घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई थी, जिसके बाद इस मामले में भी उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को नीमच के राहुल लोहार ने कीं दुर्लभ कलाकृतियां भेंट

# रुद्राक्ष पर ब्रश के एक बाल से बनाई भगवान पशुपतिनाथ मंदिर की मिनिएचर पेंटिंग,कोरोना के वायरस को सिरींज से नष्ट करती सिंह पर सवार मां दुर्गा को मास्क पर किया चित्रित, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की राहुल के हुनर की सराहना

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को नीमच के राहुल कुमार लोहार ने रुद्राक्ष पर बने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर की मिनिएचर पेंटिंग तथा कोरोना काल में उपयोग में लिया जाने वाला चित्रित मास्क भेंट किया। रुद्राक्ष पर ब्रश के एक बाल से बनाई गई पेंटिंग में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के दृश्य को चित्रित किया गया है। मैग्नीफाइंग ग्लास से पेंटिंग को देखने पर मंदिर में विद्यमान धार्मिक प्रतीक दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भेंट किए गए मास्क पर कोरोना के वायरस को सिरींज से नष्ट करती सिंह पर सवार मां दुर्गा को चित्रित किया गया है। मां दुर्गा को सैनिटाइजर सहित कोरोना काल में उपयोग में आने वाले चिकित्सकीय उपकरण धारण किए दर्शाया गया है। मास्क पर कोरोना से संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति देने वाले देश-दुनिया के डॉक्टरों के चित्र भी उकेरे गए हैं। यह संपूर्ण चित्रकारी प्राकृतिक रंगों से की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोहार के हुनर की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राहुल को प्रशंसा पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए। राहुल नीमच जिले के ग्राम कुचडोद के निवासी हैं। मंत्रालय में हुई इस भेंट के दौरान उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग तथा संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी उपस्थित थे।



## बड़े भाई ने छोटे भाई को मारा चाकू,पिता के हिस्से जमीन को लेकर किया विवाद



**नीमच** कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत भागल बुजुर्ग गांव में जमीन-जायदाद के विवाद को लेकर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई पर चाकू से हमला कर दिया। गुरुवार देर शाम हुई इस घटना में छोटा भाई रमेश भील घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, घायल रमेश भील भागल पिता पूरालाल भील बुजुर्ग का निवासी हैं। पिता ने बताया कि उनका बड़ा बेटा श्यामलाल भील, जो नीमच के पंजीयन कार्यालय में कार्यरत है, गुरुवार देर शाम अपनी बेटी और पत्नी के साथ खेत पर पहुंचा। पिता के अनुसार, बड़े बेटे ने उनसे कहा कि उसने जमीनों का बंटवारा कर दिया है। उन्होंने अपने हिस्से की जमीन छोटे बेटे रमेश को दे रखी है। इसी बात को लेकर बड़े बेटे ने छोटे भाई के साथ मारपीट की और उस पर चाकू से कई वार कर घायल कर दिया। पिता ने यह भी बताया कि बड़ा बेटा अक्सर शराब पीकर भाई से गाली-गलौज करता था। घायल रमेश भील को परिजन और ग्रामीण तत्काल मानसा के शासकीय अस्पताल ले गए। वहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे नीमच जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। नीमच से भी डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए गुरुवार रात उसे रतलाम रेफर कर दिया। पुलिस ने इस मामले को संज्ञान में लेकर आगे की जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है

# जिलेभर में नीमच पुलिस का कॉम्बिंग गश्त अभियान

# 153 वारंटी गिरफ्तार, 95 लीटर अवैध शराब जब्त



**नीमच**। जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से नीमच पुलिस ने रविवार की रात 23–24 नवंबर 2025 को बड़े स्तर पर कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में एकसाथ संचालित किया गया। रातभर चली इस पुलिस कार्रवाई में कई थानों की संयुक्त टीमों ने सक्रिय अपराधियों पर फोकस करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की। पूरी रात चले मेगा-ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने कुल 153 गैर-जमानती वारंट तामील किए, जिनमें 54 स्थायी और 99 गिरफ्तारी वारंट शामिल थे। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में 69 आरोपी शारीरिक अपराधों से संबंधित पाए गए, जबकि 27 आरोपी संपत्ति से जुड़े अपराधों में वांछित थे। इसके अलावा 4 आरोपी मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में पकड़े गए। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अभियान के दौरान अवैध शराब के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 18 अलग-अलग प्रकरण दर्ज करते हुए 95 लीटर अवैध शराब जब्त की। साथ ही शस्त्र अधिनियम के तहत 1 मामला और जुआ अधिनियम के तहत 2 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस ने जिले में सक्रिय निगरानी बदमाशों और गुंडों पर भी पैनी नजर बनाए रखी और कुल 89 संदिग्धों की गहन जांच की। रातभर चली इस कार्रवाई में पुलिस टीमों ने 64 होटल, लॉज और ढाबों का निरीक्षण किया ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अवैध आवागमन का पता लगाया जा सके। इसके साथ ही लगभग 10 स्थानों पर संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें करीब 200 वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 11 चालान बनाए और 7300 रुपए का समन शुल्क वसूला। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त 40 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई, ताकि भविष्य में वे किसी अवांछित गतिविधि में शामिल न हो सकें। नीमच पुलिस का यह व्यापक अभियान जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूती देने और अपराधियों में भय पैदा करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई आने वाले दिनों में अपराध पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## प्रधान जिला न्यायाधीश राजपूत ने किया जिला जेल का निरीक्षण



**नीमच** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथाजिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत ने जिला जेल नीमच का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश, कैदियों के बैरकों में पहुँचे और वहाँ उपस्थित बंदियों से चर्चा कर उनके खान–पान, प्रकरणों की प्रगति तथा जमानत संबंधी स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश भी दिए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजपूत ने जेल में मुलाकात कक्ष, महिला बैरक , वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष तथा रसोईघर का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने निरुद्ध बंदियों को लीगल एड डिफेंस काउंसिल (LADC) प्रणाली के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर आपराधिक मामलों के लिए डिफेंस काउंसिल की एक समर्पित टीम कार्यरत है। अतः जिन बंदियों के निजी अधिवक्ता नहीं हैं, वे अपने प्रकरणों की पैरवी डिफेंस काउंसिल के माध्यम से करवा सकते हैं। उन्होंने बंदियों को निर्णय उपरांत समय पर उच्च न्यायालय में अपील दायर करने के लिए भी प्रेरित किया।इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अंकित जैन, जेल अधीक्षक श्री एम.के. चौरसिया एवं जेल स्टाफ उपस्थित था। यह जानकारी जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार ने दी है।

# अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन उमेश जोगा का 02 दिवसीय जिला नीमच भ्रमण

## पुलिस अधिकारियों की बैठक ली, पुलिस चौकियों का किया निरीक्षण

**नीमच** : अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन श्री उमेश जोगा दो दिवसीय नीमच भ्रमण पर 24 नवंबर 2025 को नीमच पहुंचे। पुलिस नियंत्रण कक्ष स्थित सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पुलिस अधीक्षक नीमच श्री अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।




### अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा बैठक में निम्न निर्देश दिए गए

सभी थाना प्रभारी लंबित अपराधों, चालान, मर्ग तथा मॉल (विशेषकर वाहन) का अधिक से अधिक निराकरण करें। धोखाधड़ी से संबंधित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। महिलाओं व बालिकाओं से जुड़े अपराधों को प्राथमिकता से लें, गुमशुदा बच्चों की शत-प्रतिशत दस्तयाबी करें तथा संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं और महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध निष्पक्ष व प्रभावी कार्रवाई करें।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बार-बार दुर्घटना वाले स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित कर सुधारात्मक कार्यवाही करें। हिट एंड रन मामलों में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने हेतु प्रकरणों का फॉलोअप करें। संपत्ति संबंधी अपराधों पर रोक के लिए आदतन अपराधियों पर सतत निगरानी रखें और उनके गुजर-बसर के साधनों पर भी नजर रखें। स्थायी एवं फरारी वारंटों की शत-प्रतिशत तामीली करें। आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर उन्हें बाउंड करें तथा उल्लंघन की स्थिति में कठोर कार्रवाई करें। 25 नवंबर 2025 को श्री उमेश जोगा ने जावद अनुभाग अंतर्गत पुलिस चौकी नयागांव, सरवानिया महाराज तथा नीमच अनुभाग के पुलिस सहायता केंद्र हर्कियाखाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जप्त वाहनों के निराकरण, लंबित अपराध, स्वच्छता, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने की प्रक्रिया में लायें तेजीः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रदेश में प्राकृतिक सौंदर्य, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का है अद्भुत खजाना

**नीमच**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के पास प्राकृतिक सौंदर्य, विरासत और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत खजाना है, जिसे और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिलने से पर्यटन क्षेत्र को राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों का लाभ मिल सकेगा। इससे पर्यटन निवेश को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग का दर्जा मिलने पर होटल, रिसॉर्ट, एडवेंचर टूरिज्म, ट्रेवल सर्विसेज सहित पर्यटन से जुड़े अन्य क्षेत्रों को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी (अनुदान सहायता), कर रियायतें और अन्य प्रोत्साहन उपलब्ध होंगे। इससे निजी निवेशकों का विश्वास भी बढ़ेगा और पर्यटन ढाँचा और अधिक मजबूत होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में पर्यटन विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए बीते दिनों पर्यटन विभाग के अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने की दिशा में ठोस और त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पर्यटन विकास से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि इस क्षेत्र में इंट्रेस्ट रखने वाले निवेशकों एवं उद्यमियों को सुगमता हो और मध्यप्रदेश को देश के प्रमुख पर्यटन राज्य के रूप में स्थापित किया जा सके।

# धाऊखेड़ी में रिहायशी क्षेत्र में पहुंचा विशाल मगरमच्छ

## ग्रामीणों ने दिखाया साहस-वन विभाग की टीम देर से पहुंची

मनासा तहसील के ग्राम धाऊखेड़ी में सोमवार शाम तब दहशत फैल गई, जब एक विशाल मगरमच्छ अचानक आबादी वाले इलाके में आ गया। घटना लगभग शाम 7:30 बजे की है। माना जा रहा है कि वह पास के किसी तालाब या नदी से भटककर गांव की गली में पहुंच गया। मगरमच्छ को देखते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, किसी बड़े हादसे को टालने के लिए गांव के कुछ साहसी लोगों ने तुरंत पहल की। ग्रामीणों ने मजबूत रस्सियों की मदद से समझदारी और साहस दिखाते हुए मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से बांधकर काबू में कर लिया। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी, लेकिन उनका आरोप है कि रेस्क्यू टीम मौके पर लगभग डेढ़ घंटे देर से पहुंची। इस देरी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखी गई। बाद में पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को अपने कब्जे में लिया और रात में उसे सुरक्षित रूप से नदी में छोड़ दिया।






# ई-कॉमर्स व्यवसाय




ई-कॉमर्स व्यवसाय एक ऐसा व्यवसाय है जो इंटरनेट पर उत्पाद या सेवाएँ बेचता है। इसमें आमतौर पर ऑनलाइन लेनदेन शामिल होता है जहाँ ग्राहक वर्चुअल स्टोरफ्रंट ब्राउज़ कर सकते हैं, डिजिटल शॉपिंग कार्ट में सामान जोड़ सकते हैं, और सुरक्षित भुगतान गेटवे के माध्यम से खरीदारी पूरी कर सकते हैं। ई-कॉमर्स व्यवसाय छोटी, विशिष्ट दुकानों से लेकर बड़े ऑनलाइन मार्केटप्लेस तक होते हैं, जो वैश्विक स्तर पर ग्राहकों तक पहुँचने के लिए विभिन्न प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हैं। 5 चरणों में ई-कॉमर्स व्यवसाय शुरू करें घर-घर के कामों से लेकर बड़े ब्रांड्स तक, ई-कॉमर्स उद्यमियों को कम से कम लागत में दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुँचने का मौका देता है।

## अपना ई-कॉमर्स व्यवसाय शुरू करने के लिए इन पाँच चरणों का पालन करें:

उत्पाद के अवसर खोजें और चुनें कि क्या बेचना है अपने प्रतिस्पर्धियों पर शोध करें और एक व्यवसाय योजना लिखें व्यवसाय का नाम चुनें और अपना ऑनलाइन स्टोर स्थापित करें शिपिंग रणनीति चुनें और मार्केटिंग लक्ष्य निर्धारित करें अपना व्यवसाय शुरू करें

1. उत्पाद के अवसर खोजें और चुनें कि क्या बेचना है ई-कॉमर्स स्टोर बनाने का पहला कदम यह जानना है कि उपभोक्ताओं को कौन से उत्पाद बेचे जाएँ। यह अक्सर एक नया ऑनलाइन व्यवसाय शुरू करने का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा होता है। नीचे दिए गए पोस्ट में, उत्पाद विचार खोजने का तरीका जानें: ऑनलाइनबेचनेकेलिएउत्पादकैसेखोजें लाभदायक उत्पाद खोजने के स्थान अभी बिकने वाले ट्रेंडिंग उत्पाद आपके विचार का मूल्यांकन एक बार जब आपके पास ऑनलाइन बिज़नेस का आइडिया आ जाए, तो आपको कैसे पता चलेगा कि वह बिकेगा या नहीं? अपने उत्पाद आइडिया और संभावित बाज़ारों की पुष्टि के लिए इन लिंक्स का इस्तेमाल करें: अपने उत्पाद विचारों को कैसे मान्य करें विजेता उत्पादों को कैसे खोजें और सत्यापित करें अपने उत्पाद का स्रोत एक ठोस उत्पाद विचार पर पहुँचने के बाद, अगला कदम यह तय करना है कि अपने उत्पादों को कैसे प्राप्त करें। ये पोस्ट विभिन्न उत्पाद-स्रोत विधियों के साथ-साथ प्रत्येक के फायदे और नुकसान पर भी प्रकाश डालती हैं: अपने उत्पाद के लिए निर्माता या आपूर्तिकर्ता कैसे खोजें अपने ऑनलाइन स्टोर केलिए उत्पाद कैसे खोजें **प्रिंट ऑन डिमांड:** कस्टम उत्पाद बेचने का एक कम जोखिम वाला तरीका ड्रॉपशिपिंग आपूर्तिकर्ता और ऐप्स ड्रॉपशिपिंग आपको बिना इन्वेंट्री रखे उत्पाद बेचने की सुविधा देती है। जब कोई ग्राहक ऑर्डर देता है, तो आपका आपूर्तिकर्ता सीधे उन्हें उत्पाद भेज देता है। इस मॉडल में न्यूनतम प्रारंभिक निवेश की आवश्यकता होती है और भंडारण लागत भी कम होती है। आरंभ करने के लिए इन ड्रॉपशिपिंग समाधानों पर विचार करें:

Shopify Collective आपको अन्य Shopify ब्रांडों के साथ उनके उत्पादों को बेचने के लिए अंतर्निहित ऑर्डर रूटिंग और शिपिंग गणनाओं के साथ जोड़ता है। ड्रॉपकॉमर्स, सिंकी और एआई ड्रॉपशिप जैसे ड्रॉपशिपिंग ऐप्स स्वचालित इन्वेंट्री प्रबंधन के साथ सत्यापित आपूर्तिकर्ताओं तक पहुंच प्रदान करते हैं। अपने उत्पाद श्रेणियों और लक्षित बाजारों के लिए सही साझेदार खोजने के लिए ड्रॉपशिपिंग आपूर्तिकर्ताओं पर शोध करें । अपने खुदरा उत्पाद ऑनलाइन बेचें अपने व्यक्तिगत व्यवसाय को ऑनलाइन स्थानांतरित करने से आपको नकदी प्रवाह बढ़ाने में मदद मिल सकती है। एक लचीला ऑनलाइन और ऑफलाइन व्यवसाय बनाने के लिए इन लेखों का उपयोग करें: 2. अपने प्रतिस्पर्धियों पर शोध करें और एक व्यवसाय योजना लिखें आपने अपना उत्पाद ढूंढ लिया है, उसकी क्षमता का मूल्यांकन कर लिया है, और एक आपूर्तिकर्ता ढूंढ लिया है।

उत्पाद पृष्ठ बनाने में मदद करेंगी: अपने बिक्री चैनल चुननानए ग्राहकों तक पहुँचने का एक सबसे अच्छा तरीका यह है कि उन्हें वहाँ ढूँढ़ें जहाँ वे पहले से ही खरीदारी करते हैं। बिक्री चैनलों का सही मिश्रण आपके उत्पादों और लक्षित बाज़ार पर निर्भर करेगा, लेकिन कई बेहतरीन ऑनलाइन विकल्प भी उपलब्ध हैं:

## अमेज़न पर कैसे बेचें

फेसबुक पर कैसे बेचें eBay पर कैसे बेचें: शुरुआती लोगों के लिए 8 आसान चरण इंस्टाग्राम पर कैसे बेचें के लिए लगभग **TikTok शॉप**: वो सब कुछ जो आपको जानना ज़रूरी है सर्वोत्तम व्यावसायिक नाम और ब्रांड वास्तविक संस्थापकों की कहानियों से प्रेरित होते हैं, जैसे कि कैसे

अपना ई-कॉमर्स व्यवसाय शुरू करने से पहले, आपको अपने प्रतिस्पर्धियों पर शोध करना होगा, ताकि आपको पता चल सके कि आपका मुकाबला किससे है, और आप अपने ब्रांड को कैसे अलग बना सकते हैं। इसमें आपकी मदद के लिए यहां दो पोस्ट दी गई हैं: अपने व्यवसाय के लिए प्रतिस्पर्धी विश्लेषण कैसे करें SWOT विश्लेषण: अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त पाने का एक सरल तरीकाव्यवसाय योजना लिखना आपका प्रतिस्पर्धी शोध पूरा हो जाने के बाद, अब एक व्यावसायिक योजना लिखने का समय आ गया है। यह आपके विचारों को साकार करने का रोडमैप है। व्यावसायिक योजनाएँ प्राथमिकता तय करने में बहुत मददगार होती हैं, और आपको यह तय करने में मदद करती हैं कि आगे किस काम पर ध्यान केंद्रित करना है। एक व्यावसायिक योजना आपकी कंपनी के मिशन स्टेटमेंट पर भी प्रकाश डालती है ताकि निवेशकों और कर्मचारियों को आपके ब्रांड के मूल मूल्यों का पता चल सके। एक टेम्पलेट का उपयोग करके अपनी योजना बनाएँ: 9 बिज़नेस प्लान के उदाहरण जो आपको प्रेरित करेंगे छोटे व्यवसायों के लिए निःशुल्क व्यवसाय योजना टेम्पलेटउदाहरण के लिए, हर मनोरंजक मिस्टरबीस्ट यूट्यूब वीडियो के पीछे एक ठोस व्यवसाय योजना है जो जिमी डोनाल्डसन के वैश्विक ईकॉमर्स साम्राज्य का समर्थन करती है । 3. व्यवसाय का नाम चुनें और अपना ऑनलाइन स्टोर स्थापित करें ऑनलाइन बेचने के लिए उत्पाद खोजने के अलावा, ई-कॉमर्स व्यवसाय शुरू करने का एक और शुरुआती काम है अपना ब्रांड बनाना। आपको एक नाम चुनना होगा, एक लोगो डिज़ाइन करना होगा, एक उपलब्ध डोमेन चुनना होगा । ये पोस्ट आपको इन ज़रूरी कामों को पूरा करने में मदद करेंगी: आपके व्यवसाय के लिए 100 ऑनलाइन स्टोर नाम विचार

5 आसान चरणों में डोमेन नाम कैसे पंजीकृत करें लोगो बनानाएक बार जब आप एक यादगार नाम चुन लेते हैं और डोमेन रजिस्टर कर लेते हैं, तो अब एक साधारण लोगो बनाने का समय आ गया है। आपके व्यवसाय के लिए एक शानदार लोगो बनाने के कई विकल्प यहां दिए गए हैं: Shopify का मुफ़्त लोगो निर्माता शीर्ष 11 सशुल्क और निःशुल्क ऑनलाइन लोगो निर्माता एक यादगार लोगो कैसे डिज़ाइन करें खोज इंजन अनुकूलन को समझना आप अपना ऑनलाइन स्टोर बनाने



तैयार हैं। हालाँकि, शुरुआत करने से पहले, सुनिश्चित करें कि आप सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़ेशन की मूल बातें समझते हैं—

यह सुनिश्चित करने की प्रक्रिया कि आपकी वेबसाइट Google सर्च परिणामों में दिखाई दे।

## क्या आपको रिफ्रेशर की ज़रूरत है? ये गाइड पढ़ें:

ईकॉमर्सSEOकेलिएशुरुआतीगाइड अपने स्टोर को रैंक करना चाहते हैं? इस SEO चेकलिस्ट का इस्तेमाल करें

अपना ऑनलाइन स्टोर बनाने का समय आ गया है । यहाँ कुछ ज़रूरी सामग्री दी गई है जो आपको आकर्षक विवरण, खूबसूरत फ़ोटोग्राफ़ी और मनभावन रंगों वाले एक बैकपैकिंग यात्रा ने दो दोस्तों को पर्यावरण और यात्रा-अनुकूल बाथरूम उत्पादों की एक श्रृंखला बनाने के लिए प्रेरित किया:

4. शिपिंग रणनीति चुनें और मार्केटिंग लक्ष्य निर्धारित करें जैसे-जैसे आप अपने नए व्यवसाय के लॉन्च के करीब पहुँचते हैं, शिपिंग और पूर्ति की व्यवस्था करना न भूलें । अपनी शिपिंग रणनीति बनाने के तरीके के बारे में ये गाइड पढ़ें: ग्राहकों तक उत्पाद कैसे पहुँचाएँ: एक संपूर्ण मार्गदर्शिका अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग: वह सब कुछ जो आपको जानना आवश्यक है आपके व्यवसाय के लिए 17 विभिन्न शिपिंग रणनीतियाँछोटे व्यवसायों के लिए शिपिंग लागत कैसे कम करें

## खाद्य विभाग की टीम द्वारा 6 दुकानों से 7 घरेलु गैस सिलेण्डर जप्त




**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग नीमच के दल ने गत दिनों नीमच में 17 प्रतिष्ठानों की जांच की गई हैं। उक्त प्रतिष्ठानों में से प्रतिष्ठान शिव नाश्ता भण्डार बस स्टेण्ड नीमच, सांवरा नाश्ता सेंटर बस स्टेण्ड नीमच, बालाजी नाश्ता सेंटर नीमच, सांवरिया भोजनालय नीमच से एक-एक एवंराजभोग रेस्टोरेंट बस स्टेण्ड नीमच से 2 नग घरेलु गैस सिलेंडर, द्वारिका रेस्टोरेंट कलेक्ट्रेट रोड़ नीमच से एक नग घरेलु गैस सिलेंडर जब्त कर प्रकरण बनाए गये। उक्त 6 प्रतिष्ठानों से कुल 7 घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किए गए है तथा संबंधितों के विरूद्ध न्यायालय अपर कलेक्टर में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया हैं।जिले में होटलों, संस्थानों, रेस्टोरेंटों में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग तथा वाहनों में अवैध रूप से रिफलिंग किये जाने वालों पर सतत निगरानी रखी जाकर संबंधितों के विरूद्ध आवश्येक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी कार्यवाही की जावेगी। घरेलु गैस सिलेंडर के दुरुपयोग, रिफिलिंग के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। सभी होटल, रेस्टोरेंट, संस्थानों से अपील है कि वे सभी व्यवसायिक गैस सिलेंडर का उपयोग करें एवं आवश्यक दस्तावेज, बिल संधारित रखें। यह जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर.एन.दिवाकर ने दी।

# जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज संपन्न

## जिले 78 विद्यालय के 234 विद्यार्थी हुए शामिल

**नीमच।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल एवं वन विभाग नीमच के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज का जिला स्तरीय कार्यक्रम 2025, सोमवार 25 नवंबर को उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीमच पर संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के 78 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं स्तर के 234 छात्र – छात्राओं ने अपने शिक्षकों निर्देशन में भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में शा.मॉडल उ.मा.वि. नीमच की टीम जिसमे कु. सोना तेजपाल, मो. दिशान तथा रचित जैन शामिल थे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार सांदीपनी विद्यालय मनासा के मधुर व्यास, अनुष्का मालवीय, युवराज सिंह की टीम ने द्वितिय स्थान प्राप्त किया तथा शा.उ.मा.वि. अठाना की अर्पिता माली, भूमिका धाकड, निकिता धाकड की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।यह जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज कार्यक्रम वनमण्डलाधिकारी नीमच एस.के. अटोदे , कार्यक्रम नोडल अधिकारी एसडीओ (वन) प्रदीप कछावा, प्राचार्य उत्कृष्ट उ.मा.वि. नीमच अनिल व्यास, स्टेनो-टू- डीएफओ संदीप कलेरिया,



कुंवर अग्निवेश- सहायक ग्रेड- III तथा क्विज मास्टर तन्मय कुमार शर्मा, व्याख्याता व सुमित चौहान, उच्च माध्यमिक शिक्षक की उपस्थिति में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अंत में विजयेता टीमों को वनमण्डलाधिकारी, नीमच एस.के. अटोदे, एसडीओ प्रदीप कछावा तथा प्राचार्य उत्कृष्ट उ.मा. वि. नीमच अनिल व्यास द्वारा मेडल तथा प्रमाण-पत्र से पुरूस्कृत किया गया ।जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विद्यार्थियों की टीम 12 दिसंबर 2025 को वनमण्डलाधिकारी कार्यालय नीमच पर आयोजित ऑनलाईन राज्य स्तरीय जैव विविधता क्विज में भाग लेंगी। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 30 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 24 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 18 हजार की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जायेगा।

## मध्यप्रदेश ने एसआईआर में हासिल की बड़ी उपलब्धि, राज्यों में तीसरे स्थान पर पहुंचा

**नीमच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में देशभर के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में मध्यप्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) मध्यप्रदेश श्री संजीव कुमार झा के नेतृत्व में प्रदेश ने 72.72 प्रतिशत कार्य पूरा कर अब तक के आंकड़ों में देश में10 बड़े राज्यों में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश में कुल 5 करोड़ 74 लाख 6 हजार 143 गणना पत्रकों में से 4 करोड़ 18 लाख से अधिक पत्रकों का डिजिटाइजेशन सफलता पूर्वक पूरा किया गया है। यह उपलब्धि तकनीकी दक्षता, टीमवर्क और जिला स्तर तक सतत मॉनिटरिंग का परिणाम है। सीईओ श्री संजीव कुमार झा ने इस प्रगति पर कहा कि प्रदेश में एस आई आर अभियान को समय सीमा में पूरा करने के लिए निरंतर समन्वित प्रयास जारी हैं।

# कलेक्टर ने की जनसुनवाई -94 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट नीमच में जनसुनवाई करते हुए -94 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिएहै। इस मौके पर एडीएम श्री बीएस कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में खानखेड़ी के कन्हैयालाल, लसुडी तंवर के मथुरालाल, गिरदौड़ा के विरेन्द्रसिह, गोविंद सिह, बलवंत सिह, मनासा के बाबुलाल, मालाहेडा की बच्चीबाई, गिरदौडा के पवन कुमार, बघाना के रतनलाल, चम्पी के ओमप्रकाश, गिरदौडा के किशनसिह, रानपुर के कन्हैयालाल, कंजार्डा के प्रेमचंद, सिंगोली के घनश्याम, मनासा की शांतिबाई, धारड़ी के कमलेश, कुण्डला के गोपालदास, गोविंदपुरा के चांदमलआदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।इसी तरह रतनगढ़ के प्रहलाद, जमुनिया रावजी के नरेन्द्र सिह, रणावतखेड़ा की पुजा गुर्जर, सरजना के यशवंत सिह, जगेपूर के मनोहरलाल, धामनिया के कन्हैयालाल, कारूलाल, अठाना के सलीम, लाड़पुरा के भेरूलाल, कचौली की नजमा बी, चम्पी के लक्ष्मणसिह, नीमच के मानसिह, जवाहर नगर नीमच के युगल किशोरने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।




# खिमला, नीमच में निर्माणाधीन ग्रीनको पम्प स्टोरेज परियोजना क्षेत्र के लिए वरदान

## मुख्यमंत्री ने अक्टूबर 2023 में किया था शिलान्यास, 1920 मेगावाट की पम्प स्टोरेज परियोजना पर चल रहा है तेज गति से काम

**नीमच।** ग्राम खिमला, जिला नीमच में ग्रीनको ग्रुप की 1920 मेगावाट पम्प स्टोरेज परियोजना नीमच, मंदसौर और आसपास के क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी। परियोजना की अनुमानित लागत 11 हजार 470 करोड़ रुपए है। परियोजना पर इन दिनों तेज गति से काम चल रहा है। इस परियोजना की आधारशिला तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 4 अक्टूबर 2023 को वर्चुअल कार्यक्रम में रखी गई थी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी इस प्रोजेक्ट को मध्यप्रदेश के लिए विशेष उपलब्धि बताया है। यह अपनी तरह की देश की सबसे बड़ी परियोजना है। इस परियोजना से न केवल क्षेत्र की बिजली की आवश्यकता पूरी होगी, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। गांधीसागर पम्प स्टोरेज परियोजना (PSP) की 1920 मेगावाट/10326 मेगावाट प्रति घंटे की स्टोरेज क्षमता है। परियोजना की अनुमानित लागत 11 हजार 470 करोड़ रुपए है। इस परियोजना में दो जलाशय शामिल हैं, गांधीसागर निचला जलाशय (पहले से मौजूद) और ऊपरी जलाशय (ग्रीनको ग्रुप द्वारा नया निर्माण किया जा रहा है)। इस योजना में गांधी सागर जलाशय के 1.24 टीएमसी पानी का पुनःपरिसंचरण द्वारा पुनःउपयोग की परिकल्पना की गई है। गांधी सागर जलाशय (मौजूदा निचला जलाशय) में पानी को पम्प करके प्रस्तावित पम्प स्टोरेज परियोजना के ऊपरी जलाशय में संग्रहित किया जाएगा और इसका उपयोग बिजली उत्पादन के लिए किया जाएगा। गांधी सागर जलाशय की कुल संग्रहण क्षमता 270.321 टीएमसी है। प्रस्तावित पम्प स्टोरेज



परियोजना के ऊपरी जलाशय के घटक का भौगोलिक निर्देशांक अक्षांश 24 31' 6.89" उत्तर तथा देशांतर 75 30' 56.12" पूर्व में है तथा गांधी सागर निचले जलाशय (मौजूदा) का भौगोलिक निर्देशांक 24 31' 5.40" उत्तर तथा 75 32' 5.28" पूर्व में है। प्रस्तावित पीएसपी की रेटिंग 1920 मेगावाट है। परियोजना की चक्र दक्षता 79.44% के आसपास होने की उम्मीद है, जबकि मशीन की उपलब्धता 95% होगी। 80 किलोमीटर लम्बी एसीएसआर क्वाड बर्सिमिस कंडक्टर के साथ एक 420 केवी डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन का उपयोग करने का प्रस्ताव है। यह लाइन उत्पादित बिजली की निकासी तथा पम्पिंग मोड के दौरान बिजली की आपूर्ति के लिए मध्य प्रदेश राज्य के नीमच में 400/220 केवी पीजीसीआईएल सबस्टेशन से जुड़ी होगी। सड़क, रोजगार सुविधाएं, मलबा निपटान क्षेत्र आदि जैसे बुनियादी ढांचा मद के लिए आवश्यक भूमि सहित विभिन्न घटकों के निर्माण के लिए आवश्यक कुल भूमि का अनुमान लगभग 402.50 हेक्टेयर है, जिसमें वन भूमि क्षेत्र 402.50 हेक्टेयर और गैर-वन भूमि क्षेत्र 100.54 हेक्टेयर है, जिसे निर्माण के दौरान अस्थायी उपयोग के लिए अधिग्रहित करने का प्रस्ताव है। बुनियादी ढांचे के विकास सहित 3.5 वर्ष की अवधि के भीतर परियोजना का निर्माण करने का प्रस्ताव है। इस परियोजना का सम्पूर्ण कार्य दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कर लिया जावेगा। प्रस्तावित योजना में 1.90 टीएमसी सकल भंडारण क्षमता वाले ऊपरी जलाशय के निर्माण के लिए अधिकतम 35 मीटर ऊंचाई के डामर फेस रॉकफिल बांध/तटबंध का निर्माण शामिल होगा। ऊपरी जलाशय में स्थित ट्रैश रैक और गेटों के साथ प्रदान की गई इंटेक संरचना से आठ स्वतंत्र पेनस्टॉक/प्रेशर शाफ्ट टेकऑफ किए जाएंगे। सतही विद्युत गृह, सेवन संरचना के नीचे की ओर स्थित होगा तथा इसमें कुल नौ वर्टिकल-एक्सिस रिवर्सिबल फ्रांसिस प्रकार की इकाइयां होंगी, जिनमें से प्रत्येक में जनरेटर/मोटर तथा एक पंप/टरबाइन होगा, जिसकी उत्पादन/पंपिंग क्षमता क्रमशः 240 मेगावाट/249 मेगावाट की सात इकाइयां तथा 120 मेगावाट/134 मेगावाट की दो वर्टिकल-एक्सिस रिवर्सिबल फ्रांसिस प्रकार की इकाइयां होंगी। मौजूदा गांधी सागर जलाशय का डिजाइन बाढ़ निर्वहन 2138 क्यूमेक्स है। गांधी सागर जलाशय की सकल भंडारण क्षमता 270.321 टीएमसी है। पीएसपी का परिचालन पैटर्न इस तरह रखा गया है कि प्रस्तावित पीएसपी के लिए 1.24 टीएमसी पानी का उपयोग किया जाएगा तथा प्रस्तावित ऊपरी जलाशय में लगभग 2.39 टीएमसी (या 67.66 मिलियन क्यूमेक्स) का एकमुश्त भराव गांधी सागर जलाशय से लिया जाएगा। यह परियोजना एक पम्प स्टोरेज योजना है, इसलिए इसके संचालन के लिए वाष्पीकरण से होने वाली छोटी मात्रा की हानि को छोड़कर पानी के किसी भी प्रकार के उपभोग की आवश्यकता नहीं है। पम्प स्टोरेज परियोजना 10326 मेगावाट प्रति घंटे की ऊर्जा भंडारण क्षमता के साथ प्रस्तावित है, जिसकी पावर रेटिंग 1920 मेगावाट है। इस परियोजना में 240 मेगावाट की 7 इकाइयाँ और 120 मेगावाट की 2 द्वि-दिशात्मक टर्बाइन इकाइयाँ शामिल हैं। नीमच जिले की रामपुरा तहसील क्षेत्र के पठार अरावली (पहाड़ियों ) के बीच बन रहे खिमला बिजली प्लांट से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर आस पास के लोगों को मिल रहे है । प्रतिदिन 3000 से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। प्रशासन व जनता के बीच तालमेल बिठा कर ग्रीनको कम्पनी द्वारा पारदर्शिता के साथ देश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया जा रहा है। लगभग 12 हजार करोड़ की लागत के इस प्रगतिशील प्रोजेक्ट से मध्यप्रदेश को नई उर्जा मिलेगी। इस परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें गांधी सागर जलाशय से जो पानी इस्तेमाल किया जाएगा, उसका 5 प्रतिशत से भी कम नुकसान होगा। परियोजना के लिए वन विभाग व राजस्व विभाग की भूमि ली गई है। यहां तालाब नुमा टैंक बना कर पंप के द्वारा गांधी सागर जलाशय से पानी लिया जाएगा ओर उसी पानी को फिर गांधी सागर में छोड़ा जाएगा। इसी से पंप स्टोरेज के माध्यम से बिजली का उत्पादन होगा। इससे मनासा जनपद के रामपुरा क्षेत्र के ग्रामीणों को विशेष लाभ मिलेगा। देश की अपने तरह की सबसे बड़ी इस पंप स्टोरेज परियोजना का काम तेजी से चल रहा है, जो 1920 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करती नजर आ रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)